प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 03.06.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- भारतीय जनता पार्टी आगामी नौ जून से 'संकल्प से सिद्धि' अभियान चलाएगी।
- अरपा—भैंसाझार नहर निर्माण भू—अर्जन घोटाले के मामले में राज्य सरकार ने तत्कालीन एसडीएम को किया निलंबित।
- नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने पंद्रह जून को होने वाली नीट—पीजी परीक्षा स्थगित की।
- विश्व साइकिल दिवस पर आज प्रदेश के अनेक जिलों में निकाली गई साइकिल रैली।

**भाजपा—कार्यशाला**

भारतीय जनता पार्टी आगामी नौ जून से 'संकल्प से सिद्धि' अभियान चलाएगी। इस संबंध में आज पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर स्थित एकात्म परिसर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला में केंद्र सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर चलाए जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान की जानकारी दी गई। इक्कीस जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। यह अभियान 'विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के ग्यारह साल' पर आधारित होगा।

अभियान के दौरान विश्व योग दिवस को ध्यान में रखते हुए योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं, ग्राम, वार्ड और बूथ स्तर पर पंद्रह से सत्रह जून तक सभी शक्ति केंद्रों में चौपाल लगाए जाएंगे। साथ ही शहरों में मोहल्ला चौपाल और पंचायत केंद्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल—दौरा**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के निरंतर प्रयासों और आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पंडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज सुबह स्वदेश लौटा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पंडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि जिन देशों की उन्होंने यात्रा की है, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए हैं।
वहीं, लाइबेरिया में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उन सभी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री–पदभार ग्रहण समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना के तहत अनुदान राशि का वितरण किया। पदभार ग्रहण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी शामिल हुए।

## खाद्य मंत्री–चावल उत्सव

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के भंसुली गांव में चावल उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून, जुलाई और अगस्त महीने का चावल एक साथ आबंटित किया जा रहा है। नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार एक माह या तीन माह का चावल एक साथ ले सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन माह का चावल एकमुश्त उठाने की बाध्यता नहीं है। अन्य राशन सामग्रियों जैसे – शक्कर, नमक, चना और गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम के उपलब्ध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह किया जाएगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों में किसानों को जागरूक करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कृषि मंत्री रामविचार नेताम बेमेतरा जिले के ग्राम बरगढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नेताम ने कहा कि यह अभियान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने, वैज्ञानिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए देशभर में चलाया जा रहा है।

इस बीच, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि इस अभियान के तहत किसानों को जैविक खेती, फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक बीज चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी और समन्वित कृषि प्रणाली जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## नीट/पीजी–स्थगित

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज–एन.बी.ई.एम.एस. ने नीट–पीजी परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा इस महीने की पंद्रह तारीख को होनी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बोर्ड ने नीट–पीजी परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा के लिए अधिक केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इसे स्थगित किया गया है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

## अरपा भैंसाझार–आरटीओ निलंबित

बिलासपुर जिले के अरपा–भैंसाझार नहर निर्माण में भू–अर्जन के नाम पर किए गए घोटाले के मामले में राज्य सरकार ने कोटा के तत्कालीन एसडीएम और आरटीओ आनंदरुप तिवारी को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अरपा–भैंसाझार–चकरभाठा वितरक नहर निर्माण के लिए की गई भू–अर्जन की कार्यवाही में अनियमितता के कारण शासन को आर्थिक क्षति हुई है। निलंबन अवधि में आनंदरूप तिवारी का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय बिलासपुर संभाग निर्धारित किया गया है।

## साइबर ठगी–गिरफ्तारी

कबीरधाम पुलिस ने सायबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अट्ठारह बैंक खाते की जानकारी मिली है, जिसे वह ठगों को किराए पर देता था। ठग गिरोह इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी में किया करते थे।कवर्धा के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवैया ने बताया कि इन खातों से डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से विभिन्न बैंकों की पासबुक, चेकबुक और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ भारत के आठ अलग–अलग राज्यों में मुकदमा दर्ज हैं।

## विश्व साइकिल दिवस

आज विश्व साइकिल दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के अनेक जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई में आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सी.आई.एस.एफ. द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में सी.आई.एस.एफ. भिलाई यूनिट के उपमहानिरीक्षक नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कमांडेंट अभिजीत कुमार के अलावा सी.आई.एस.एफ. के जवान और आम नागरिक शामिल हुए। साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि वे साइकिल को अपने दैनिक जीवन में अपनाए और स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करें।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में आयोजित साइकिल रैली में जनप्रतिनिधि, विभिन्न खेल संघों के साथ ही एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, कबड्डी और फुटबॉल जैसे खेलों के कोच, मैनेजर और खिलाडी शामिल हुए। रैली में शामिल लोगों को सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल चलाने की शपथ दिलाई गई।

## डैम हादसा–मौत

दुर्ग जिले में स्थित मरोदा डैम में डूबने से भिलाई के दो युवको की मौत हो गई है। भिलाई के नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कल शाम चार युवक मरोदा डैम गए थे। इस दौरान चारों दोस्त नहाने के लिए डैम में उतरे। इनमें से जब दो युवक डूबने लगे, तब आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और उतई स्थित अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण मानसून की गतिविधियां आगे नहीं बढ़ रही हैं। प्रदेश में अगले चार से पांच दिनों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि कल प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने के आसार हैं। वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल चार जून को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।
- दुर्ग जिले के भिलाई स्थित छावनी कैम्प से आज दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग अपनी पहचान छिपाकर लगभग बारह वर्षों से यहां रह रहे थे।
- सरायपाली से सारंगढ़ जा रही एक यात्री बस आज नवरंगपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है। वहीं, करीब पांच लोग घायल हुए हैं। बस में करीब पंद्रह लोग सवार थे।
- सक्ती जिले के देवगांव में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में बारह लोगों को गंभीर चोट आई हैं, जिन्हें रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आठ अन्य लोगों का इलाज डभरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।
- रायगढ़ जिले के बोहिदार पारा स्थित एक बर्फ फैक्ट्री में आज गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से बार फैक्ट्री के संचालक की मौत हो गई। जबकि, एक सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया है।
- बेमेतरा के कृषि उपज मंडी परिसर में आज से दो दिवसीय आम महोत्सव  शुरू हो गया है। इस महोत्सव में आम की सत्ताईस प्रजातियों के साथ ही आम से बने विभिन्न व्यंजन और पेय पदार्थों का प्रदर्शन किया जा रहा है।
- रायपुर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक का नया कार्यालय दो जून से नवा रायपुर सेक्टर–चौबीस, अटल नगर में स्थानांतरित हो गया है। रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक के अनुसार कार्यालय के सभी संचार अब इस नए पते पर होंगे।